## सार-समाचार

### सड़कों और फुटपाथों का होगा सुदृढ़ीकरण, अतिक्रमण पर कार्रवाई

**अजमेर** (कासं)। जिला कलेक्टर लोकबंधु ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात सुगमता के लिए नगरीय क्षेत्रों में सड़क नवीनीकरण, फुटपाथ और डिवाइडर मरम्मत कार्यों को तेज गति से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी कार्य 31 मार्च 2026 तक पूर्ण किए जाएं। यातायात सुगमता के लिए स्लिप लेन निर्माण, रेट्रोरिफ्लेक्टिव संकेतक बोर्ड, ज़ेब्रा क्रॉसिंग, ओवरब्रिज के पास चेतावनी बोर्ड और मैनहोल कवर की मरम्मत जैसे कार्य प्राथमिकता से हों। कलेक्टर ने खुले नालों को ढकने, अतिक्रमण हटाने, सड़कों पर लगे पौधों की नियमित छंटाई करने और पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए, उन्होंने कहा कि इन कार्यों से यातायात व्यवस्था और जनसुविधा में व्यापक सुधार होगा।

### गुरु नानक जयंती मनाकर पेश की मिसाल

**अजमेर,** (कासं)। गुरु नानक देव जी की जयंती के पावन अवसर पर 'नव पंख संस्था' ने ब्यावर रोड व माखुपुरा बाईपास स्थित कच्ची बस्तियों में जरूरतमंद बच्चों के बीच भोजन वितरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए। बच्चों ने इस अवसर पर नृत्य और गायन प्रस्तुत कर उत्साहपूर्वक भाग लिया।संस्था के सदस्यों ने बच्चों को पौष्टिक भोजन वितरित किया तथा गुरु नानक देव जी के उपदेशों – सेवा, समानता और करुणा के महत्व पर प्रकाश डाला। आयोजन के दौरान बच्चों ने भजन-कीर्तन में भाग लिया और गुरु नानक जी के जीवन से प्रेरक प्रसंग सुने।संस्था ने बताया कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य समाज में सेवा और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम का समापन मिठाइयां बांटकर और गुरु नानक जी के आशीर्वाद की कामना के साथ किया गया। इस अवसर पर संस्था के सदस्य इंदु देवी, मनिंदर कौर, मयंक चावला, नितिन उप्पल, विजय कुमार, अविनाश दुआ, प्रितपाल सिंह दुआ, गुरुवंश व जया शर्मा उपस्थित रहे।

### एसडीएम ने गुरुद्वारा में दी सेवाएं

**ब्यावर** (निसं) गुरु नानक देव जी की जयंती के पावन अवसर पर उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह ने रेल चौकी के पास स्थित गुरुद्वारा साहिब में पहुंचकर सेवा कार्य में अपनी सहभागिता प्रदान की। उपखंड अधिकारी ने संगत के साथ मिलकर सेवा कार्य करते हुए समाज में शांति, भाईचारे एवं सद्भाव का संदेश दिया।

### पुष्कर मेले में खाद्य सुरक्षा टीम की कार्रवाई

**अजमेर** (कासं)। शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत पुष्कर मेले में खाद्य सुरक्षा टीम ने दो दर्जन से अधिक दुकानों का निरीक्षण कर 21 खाद्य नमूने लिए और अवधिपार खाद्य सामग्री को नष्ट करवाया। सीएमएचओ डॉ. ज्योत्सना रंगा ने बताया कि सवारिया डेयरी से 100 लीटर एक्सपायर्ड कोल्ड ड्रिंक और 60 किलो पुरानी चासनी, गुलकंद, शरबत, चॉकलेट्स बरामद की गईं। टीम ने रेस्टोरेंट्स व दुकानों से मसालों, पनीर, आटा और तेल के नमूने लिए। कोटपा एक्ट के उल्लंघन पर 10 चालान किए गए। स्टॉलधारियों को स्वच्छता, ताजा भोजन और खाद्य लाइसेंस डिस्प्ले के निर्देश दिए गए। टीम में केसरी नंदन शर्मा, अजय मोयल, आनंद कुमार, दीपक कुमार, राजेश त्रिपाठी, राजेंद्र शर्मा व सहायक राजकुमार इंदौरिया शामिल रहे।

### गुरु नानक देव का 556वां प्रकाश पर्व

**नसीराबाद,** (निसं)। शहर के गुरुद्वारे में पहले सिख गुरु, गुरु नानक देव का 556वां प्रकाश पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। पूरे गुरुद्वारे को आकर्षक रोशनी, रंग-बिरंगी झालरों और ताजे फूलों से सजाया गया, जिससे वातावरण आध्यात्मिक आभा से भर उठा। गुरुद्वारा प्रधान राकेश अरोड़ा ने बताया कि तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम 3 से 5 नवम्बर 2025 तक आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को अखंड पाठ साहिब स्थापना से हुआ। मंगलवार, 4 नवम्बर को प्रातः 10:15 बजे मध्य भोग अखंड पाठ साहिब का आयोजन किया गया बुधवार को निशान साहिब सेवा के पश्चात अखंड पाठ साहिब का भोग, कीर्तन दरबार और कथा प्रवचन संपन्न हुए। समापन अवसर पर अरदास की गई और उसके बाद श्रद्धालुओं ने गुरु का अटूट लंगर ठाहण किया। पूरे आयोजन में नसीराबाद शहर, आसपास के ठाामीण अंचलों तथा सैन्य छावनी क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### सड़क सुरक्षा विशेष अभियान शुरू

**उदयपुर,** (कासं)। राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में 3 नवम्बर को आयोजित बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन में 4 से 18 नवम्बर तक 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा विशेष अभियान राज्यभर में प्रारंभ किया गया है। इसी क्रम में उदयपुर जिले में भी संभागीय आयुक्त एवं कार्यवाहक कलक्टर सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए हैं। केवलरमानी ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी, मृत्यु दर घटाना, यातायात नियमों का सख्त पालन सुनिश्चित करना और सड़क उपयोगकर्ताओं में जागरूकता बढ़ाना हैं। पुलिस विभाग नोडल एजेंसी के रूप में अभियान का समन्वय करेगा तथा तेज गति, गलत दिशा या नशे की हालत में वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करेगा। बिना रिफ्लेक्टर या नंबर प्लेट वाले वाहनों के विरुद्ध चालान किए जाएंगे।

### तीन क्लिनिक पर कार्यवाही के निर्देश

**उदयपुर,** (कासं)। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक आदित्य ने बुधवार को जिले में अवैध रूप से संचालित तीन क्लिनिक के विरुद्ध पुलिस कार्यवाही के आदेश दिए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक आदित्य ने बताया कि वो राज्य सरकार के आदेशानुसार सेटेलाइट चिकित्सालय बडगांव के निरीक्षण पर पहुंचे तो देखा कि कुछ बिमार व्यक्ति सामने मेडिकल स्टोर पर खडे थे। जब वो उनके पास गये तो देखा कि वहां उनका इलाज किया जा रहा है। तीन मेडिकल स्टोर पर अवैध क्लिनिक संचालित कर लोगों को इंजेक्शन और ड्रीप लगाई जा रही है। इस पर सीएमएचओ ने जिला औषधि निरीक्षक को मौके पर बुलाया। विकास मेडिकल एंड लेबोरेटरी,हार्दिक मेडिकल स्टोर और आर के मेडिकल स्टोर तीनों मेडिकल स्टोर पर मरीजों का उपचार किया जा रहा था। उनके पास चिकित्सा करने का कोई भी लाइसेंस और डिग्री नहीं मिली। पुछताछ करने पर कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। ड्रग इंस्पेक्टर कुलदीप यदुवंशी,नेहा बंसल और सूर्यवीर ने तीनों मेडिकल स्टोर के विरुद्ध कार्यवाही शुरू कर दिया। कार्यवाही के दौरान बडगांव बीसीएमओ डॉ अरुण सिंह और डॉ आशीष शर्मा उपस्थित थे। सीएमएचओ डॉ अशोक आदित्य ने इनके विरुद्ध पुलिस कार्यवाही के निर्देश दिए।

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज

**उदयपुर,** (कासं)। जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिला कलक्टर नमित मेहता एवं अध्यक्ष सड़क सुरक्षा समिति उदयपुर की अध्यक्षता में गुरूवार शाम 6 बजे संभागीय आयुक्त कार्यालय, उदयपुर में आयोजित की जायेगी। जिला सुरक्षा समिति के सदस्य सचिव के अनुसार बैठक में सड़क सुरक्षा पर ऐजेण्डा अनुसार चर्चा की जाएगी।

### तालाब को 21मीटर चुनरी ओढ़ाई

**कपासन,** (निसं)। राजेश्वर तालाब की पाल पर स्थित जाखड़ माता रानी के मंदिर में देव दीपावली के अवसर पर सर्व समाज की ओर से यज्ञ हवन और अन्नकूट का आयोजन किया गया। इस दौरान तालाब को 21 मीटर लंबी चुनरी ओढ़ाई गई और महिलाओं ने दीपदान किया।यह आयोजन तालाब में पानी की आवक होने के बाद किया गया। राजेश्वर सरोवर में लगभग पांच साल बाद पानी आने के कारण इस बार यह विशेष आयोजन हुआ। दोपहर 3 बजे महायज्ञ शुरू हुआ, जिसका समापन शाम 5 बजे पूर्णाहुति के साथ हुआ। इसके बाद शाम को ढाई क्विंटल अन्नकूट का महाभोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया।

### धमका कर नकदी लूटी

**उदयपुर,** (कासं)। ऋषभदेव थाना पुलिस ने तीन बदमाशों के खिलाफ पीडित को धमका कर नकदी व माबाईल लूट ले जाने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित दर्शन पुत्र भेलाराम वेद निवासी बामनिया ऋषभदेव ने तीन बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 2 नवंबर को मैं उदयपुर से परसाद आने के लिए ट्रावेल्स बस में बैठा था।

# कलेक्टर ने वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का लिया जायजा

**अजमेर( कासं )।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में बड़े पैमाने पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य कार्यक्रम 7 नवम्बर को पुलिस लाइन मैदान में होगा। यहां हजारों लोग सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत का गायन करेंगे। कार्यक्रमों की व्यापक तैयारियों को लेकर बुधवार को पुलिस लाइन स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में जिला कलेक्टर लोकबंधु की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों तथा आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा की गई।

■ **मुख्य कार्यक्रम 7 को पुलिस लाइन में, हजारों लोग करेंगे सामूहिक राष्ट्रगीत गायन**



जिला क्लेकटर की अध्यक्षता में कार्यक्रमों की व्यापक तैयारियों को लेकर चर्चा की गई।

जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि यह कार्यक्रम देशभक्ति की भावना को सशक्त करने वाला और नई पीढ़ी को राष्ट्रप्रेम से प्रेरित करने वाला हो, उन्होंने कहा कि राज्य एवं केंद्र सरकार के निर्देशानुसार यह उत्सव भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा तथा प्रत्येक आयोजन में देशभक्ति की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित होनी चाहिए।उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम 7 नवम्बर को पुलिस लाइन मैदान में आयोजित होगा। इसमें सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी शैक्षणिक संस्थानों, महाविद्यालयों, एनसीसी, एनएसएस, हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड, पुलिस एवं आरएसी जवानों, सामाजिक संगठनों और आमजन की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को विद्यार्थियों की उपस्थिति, राष्ट्रगीत गायन तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पर्यटन विभाग को स्थानीय कलाकारों द्वारा वाद्य यंत्रों के साथ सांगीतिक प्रस्तुतियाँ आयोजित कराने तथा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने डीओआईटी विभाग को कार्यक्रमों के लाइव प्रसारण एवं तकनीकी व्यवस्थाएँ समय पर पूर्ण करने तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पर उचित शेड, मेटिंग एवं अन्य प्रबंध सुनिश्चित करने को कहा। सभी तैयारियों की वास्तविक स्थिति परखने के लिए कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ पुलिस लाइन मैदान पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक सुधार के लिए निर्देश दिए।

# राजस्थान में 'मीटिंग-मीटिंग' का खेला चल रहा है: टीकाराम जूली

**अजमेर ( कासं )।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि राज्य में पर्ची की सरकार मीटिंग-मीटिंग का खेला खेल रही है। अजमेर प्रवास के दौरान सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए जूली ने कहा कि पुरानी बैठकों का कोई फॉलोअप नहीं लिया जाता, बस नई बैठकें कर ली जाती हैं, उन्होंने कहा कि सरकार सिर्फ टाइम पास कर रही है, आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और कानून व्यवस्था बिगड़ रही है। जूली ने कहा कि अंता उपचुनाव में कांग्रेस भारी मतों से विजयी होगी, जनता भाजपा के चाल-चरित्र और चेहरे को भलीभांति पहचान चुकी है। अजमेर प्रवास के दौरान उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पत्नी के निधन पर उनके निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।

■ **जूली ने कहा कि अंता उपचुनाव में कांग्रेस भारी मतों से विजयी होगा**

इस दौरान विधायक विकास चौधरी, विधायक रामकेश, विधायक अमित चाचण, विजय जैन, महेंद्र सिंह, सुनील लारा, शिवकुमार बंसल, लक्ष्मी बुदेल, अंकित घारु, मनीष सेठी, कैलाश कोमल, अंकुर त्यागी, अहमद हुसैन, अकरम कुरैशी, दीनदयाल पवार, दिलीप सामतानी सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

# हर्षोल्लास से मनाई गई निंबार्क भगवान की जयंती

■ **पुष्कर के गिरधर गोपाल मंदिर में छप्पन भोग की झांकी सजाई एवं भगवान निंबार्क के एवं भजन के पद गाएं व कई धार्मिक कार्यक्रम संपन्न भी कराये गए**

**पुष्कर, ( निसं )।** पुष्कर में बड़े हर्षोल्लास से मनाई गई निंबार्क जयंती निंबार्क संप्रदाय के प्रणेता निंबार्क भगवान की जयंती आज मनाई गई जयन्ति बड़े हर्षोल्लास से मीरा के आराध्य देव एवं निंबार्क संप्रदाय की ओर से परिक्रमा मार्ग में संचालित परशुराम द्वारा में पुष्कर आज बड़े ही हर्षोल्लास से मनाई । ब्रह्म चतुर्थी से के पावन अवसर पर परशुराम द्वारा में प्रातः काल से ही कार्यक्रम शुरू हो गए थे शाम को दिनेश पाराशर एंड पार्टी की ओर से भजन कीर्तन का कार्यक्रम रखा गया जिसमें दर्शन अठावाल दीनदयाल पाराशर एवं बाहर से आए हुए गायककारों ने भजन प्रस्तुत किए व्यवस्थापक नवनीत शास्त्री ने बताया कि इस जयंती के पावन अवसर पर भगवान निंबार्क के एवं भजन के पद गाएं एवं कई धार्मिक कार्यक्रम संपन्न भी कराये गए। इसके अलावा परशुराम द्वारा में प्रतिदिन मीरा के आराध्य देव गिरधर गोपाल का श्रृंगार किया जा रहा है। वहीं निंबार्क भगवान एवं परशुराम देवाचार्य जी महाराज भी श्रृंगार किया गया फूल बंगला सजाया गया। इस दौरान दिनेश पंडित राधिका पैलेस सुभाष पाराशर सत्यनारायण धाभाई सहित निंबार्क संप्रदाय के सैकड़ो अनुयायी मौजूद थे।

## खादिम अली रफीद ने जीता गोल्ड मेडल

**अजमेर ( कासं )।** दरगाह शरीफ के खादिम ङअली रफीद चिश्ती ने ऑल इंडिया ग्रैपलिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर अजमेर का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता 1 से 3 नवंबर तक उत्तर प्रदेश के गोंडा में आयोजित हुई। चिश्ती ने अपने कोच अंकित के मार्गदर्शन में ङफैटल अकादमी, अजमेर में प्रशिक्षण लिया था। वह गद्दीनशीन सरदार माजिद मियां चिश्ती के पोते हैं। उनकी इस उपलब्धि पर समाज के लोगों ने उन्हें बधाई दी और दरगाह में स्वागत किया। चिश्ती ने अपनी सफलता अजमेर और अपने परिवार को समर्पित की।

# ऊंट पर नृत्य खूब भाया विदेशियों को

■ **ऊंट पालक ने ऊंट पर नृत्य किया तो किसी ने घोड़े पर**

**पुष्कर ,** (निसं)। आपने कलाकारों को स्टेज पर नृत्य करते देखा होगा लेकिन किसी जानवर पर नहीं लेकिन ऊंट पालक ने ऊंट पर नृत्य किया तो किसी ने घोड़े पर योग ये दोनों वीडियो पुष्कर मेले में वायरल है और विदेशियों को खूब लुभा रहे है। जी हां ऐसा ही है। अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर मेले में समापन के दौरान लाखों लोगों एवं मुख्य अतिथियों के सामने एक व्यक्ति ने ऊंट पर चढ़कर डांस कर सबको चौंका दिया वहीं पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक अपनी घोड़ी इमली पर योगा करके सबको दांतों तारे उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। पुष्कर के मेला मैदान में समापन के दौरान राजस्थानी कलाकारों के द्वारा अलग-अलग प्रदर्शन किया जाता है। इसी प्रदर्शन के दौरान एक ऊंट पालक अपने कला जत्थे केदौरान चल। रहा था कि अचानक ऊंट पर नृत्य करने लग गया। इस नृत्य को देखकर पूरी मीडिया उसकी ओर चली गई और इसका कवरेज करने लगी इसी प्रकार पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक नवीन परिहार ने लाखों लोगों की मौजूदगी में घोड़ी इमली के ऊपर कई प्रकार के योग करके सबको चौका दिया ।

## माँ सरस्वती की मूर्ति स्थापित की

**मसूदा,( निसं )।** मसूदा उपखंड क्षेत्र के ग्राम नंदवाड़ा में संचालित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में नरेंद्र सिंह चौहान पुत्र पवन सिंह चौहान की स्मृति में चौहान परिवार द्वारा स्कूल परिसर में मंदिर निर्माण कर मां सरस्वती की मूर्ति पुनर्स्थापना की गई । पंडित घीसू लाल शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ हवन पूजा की गई ।

इस मौके पर भंवर सिंह, लक्ष्मण सिंह, संपत सिंह, भारत सिंह, जीवण सिंह, अमर सिंह, सहीत चौहान परिवार के सदस्य मौजूद रहे । इस मौके पर स्कूल प्रशासन प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र जांगिड़, उप प्रधानाचार्य मोडूराम रेबारी, सुरेश चंद्र मौर्य, रमेश चंद्र,अशोक मौर्य सहित अध्यापकों द्वारा कार्यक्रम में आए हुए ठााम वासियों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी की गई ।

# गुरु नानक देव जयंती पर सर्वधर्म मैत्री संघ ने दिया भाईचारे का संदेश

**अजमेर ( कासं )।** गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर रेलवे ऑफिसर्स क्लब, कचहरी रोड पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में सर्वधर्म मैत्री संघ के अध्यक्ष प्रकाश जैन के नेतृत्व में सभी सदस्यों ने सहभागिता की।

■ **कार्यक्रम में सर्वधर्म मैत्री संघ के अध्यक्ष प्रकाश जैन के नेतृत्व में सभी सदस्यों ने सहभागिता की**

जैन ने सिख समुदाय को बधाई देते हुए कहा कि वर्तमान समय में गुरु नानक जी की शिक्षाएं, प्रेम, सद्भाव और समानता के मार्ग को प्रशस्त करती हैं।



गुरु नानक देव जयंती पर सर्वधर्म के लोगो ने मिलकर दी एकता की मिसाली।

उन्होंने लंगर प्रथा की सराहना करते हुए कहा कि सिख समुदाय सेवा के जो कार्यक्रम करता है, वे समाज के लिए प्रेरणा हैं। कार्यक्रम में फादर निरंजन, सिस्टर अनुषा, मोहम्मद खान, गायत्री परिवार के दिनेश, बुद्धिस्ट प्रेम प्रकाश ज्योति, आना, अजीत दुआ, कश्मीर सिंह, सरदार दिलीप सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री पर पहुंचा

**उदयपुर,** (कासं)। लेकसिटी में सर्दी ने अब दस्तक दे दी है। बीते दिनों हुई बारिश के बाद एक बार तापमान में बढोतरी हुई लेकिन आसमान साफ होने के बाद अब सर्दी का अहसास बढने लगा है वहीं रात के तापमान में एक ही दिन में 6 डिग्री से अधिक की गिरावट हुई है हालांकि दिन का तापमान अब भी 30 डिग्री के करीब बना हुआ है। शाम होते ही सर्द अहसास में इजाफा होने लगा है।उदयपुर शहर में सर्दी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। हालांकि बीते दिनों हुई बारिश ने मौसम को बदल दिया था और बारिश के साथ सर्द अहसास होने लगा था लेकिन फिर तापमान में बढोतरी के साथ सर्दी स्थिर बनी हुई थी। वहीं अब शहर का मौसम साफ होने के साथ ही सर्दी बढने लगी है। मौसम विभाग डबोक से मिली जानकारी के अनुसार शहर का अधिकतम तापमान 30.3 डिग्री व न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है जो मंगलवार को क्रमशः 30.0 व 21.6 डिग्री था। एक ही दिन में रात के तापमान में छह डिग्री की कमी हुई है।

**NAME CHANGE**

I Army No.JC 858386X, SUB, Govind Ram, Residing at Sanwreej, Phalodi, Jodhpur, Raj. 342314 have change my Son's name from Pradeep Bishnoi to Pradeep vide affidavit no CA 839225 dt 05/11/2025 at court campus Nasirabad

**NAME CHANGE**

I Army No 14687244P, Hav, Yewale Ramesh Baban, Residing Vill:- Shastabad, Po - Chincholi Morachi, Teh:- Shirur, Dist - Pune, Maharashtra, 412218 Have changed my Son's name From Viraj to Yewale Viraj Ramesh vide affidavit no CA839217 Dt 05/11/2025 before court Campus Nasirabad

**NAME CHANGE**

I Army No 14687244P, Hav, Yewale Ramesh Baban,Residing Vill:- Shastabad, Po - Chincholi Morachi, Teh:- Shirur, Dist - Pune, Maharashtra, 412218 Have changed my Father's name From Yewale Baban to Baban Vitthal Yewale vide affidavit no CA839216 Dt 05/11/2025 before court Campus Nasirabad

**NAME CHANGE**

I Army No 14687244P, Hav, Yewale Ramesh Baban,Residing Vill:- Shastabad, Po - Chincholi Morachi, Teh:- Shirur, Dist - Pune, Maharashtra, 412218 Have changed my Mother's name From Yewale Kamal to Kamal Baban Yewale vide affidavit no CA839215 Dt 05/11/2025 before court Campus Nasirabad

# एसआईआर कार्यक्रम के तहत अधिकारी द्वारा सेक्टरों का निरीक्षण

**ब्यावर( निसं )।** निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी दिव्यांश सिंह ने विभिन्न सेक्टरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सेक्टर सुपरवाइजर्स को कार्य में तेजी लाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने भिन्न-भिन्न सेक्टरों में तैनात बूथ लेवल अधिकारियों से परिगणना प्रपत्रों की प्रगति एवं मैपिंग कार्य की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बी.एल.ओ. घर-घर जाकर मतदाताओं का डेटा संकलन, परिगणना प्रपत्रों की पूर्ति एवं मैपिंग कार्य को निर्धारित समयसीमा में सुचारू रूप से सुनिश्चित करें।

■ **बूथ लेवल अधिकारियों से परिगणना प्रपत्रों की प्रगति एवं मैपिंग कार्य की जानकारी ली**

सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने कहा कि सभी बीएलओ एवं सेक्टर सुपरवाइजर्स पर यह दायित्व है कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची के अद्यतन कार्य को पूर्ण गंभीरता एवं गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप में पूरा किया जाए।

# सम्राट पृथ्वीराज चौहान क्रिकेट महोत्सव के स्थगित मैच 8 से शुरू

**अजमेर**(कासं)। अजयमेरु जनकल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित ङसम्राट पृथ्वीराज चौहान क्रिकेट महोत्सव 2025 के बारिश के कारण स्थगित मुकाबले अब 8 नवंबर से दयानंद महाविद्यालय एवं राजकीय महाविद्यालय के मैदानों में खेले जाएंगे। मुख्य संरक्षक डॉ. प्रियशील हाडा ने बताया कि मुकाबले नॉकआउट आधार पर खेले जाएंगे। आयोजन समिति अध्यक्ष सम्पत सांखला के अनुसार 8 नवंबर को विभिन्न वार्डों के बीच मैच सुबह 9 बजे से होंगे, जबकि शेष पूल मैच 9 नवंबर को होंगे। इसके बाद प्रत्येक पूल से दो-दो टीमें सुपर सिक्स चरण में पहुंचेंगी। अनुज शर्मा ने बताया कि मैदानों की स्थिति जांच ली गई है और मैच संभव हैं। तकनीकी टीम के अशोक गुप्ता, विनीत लोहिया, मुकेश खींची व शैलेन्द्र सिंह परमार ने मैदानों का निरीक्षण किया। आगे की कार्ययोजना को लेकर 6 नवंबर को बैठक आयोजित की जाएगी।

■ **सांखला के अनुसार 8 नवंबर को विभिन्न वार्डों के बीच मैच सुबह 9 बजे से होंगे, जबकि शेष पूल मैच 9 नवंबर को होंगे**

## अवैध बजरी परिवहन पर की कार्रवाई

**राजसमंद,** (निसं)। जिला कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा बुधवार को एक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने ग्राम पंचायत मोही में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान अवैध बजरी से भरे दो ट्रैक्टर ट्रॉली को मौके पर ही पकड लिया। कलेक्टर हसीजा ने बिना किसी देरी के ट्रोले को जब्त करवाते हुए चालक से पूछताछ कीए जिसके बाद चालक मौके से भाग खडे हुए। जिला कलेक्टर ने तत्काल प्रभाव से संबंधित अधिकारियों को फ ोन कर अवैध खनन और बजरी परिवहन पर सघन अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिले की सीमाओं पर सतत निगरानी रखी जाए, ताकि अवैध बजरी का परिवहन और निर्गमन किसी भी स्थिति में न हो सके।

**नाम परिवर्तन**

मेरा नाम धर्मवीर सिंह शेखावत पुत्र लादू सिंह शेखावत है, जबकि मेरे पुत्र आदित्य सिंह के जन्म प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम धर्मवीर सिंह अंकित है अतः धर्मवीर सिंह (DHARMVEER SINGH) एवम् धर्मवीर सिंह शेखावत (DHARMVEER SINGH SHEKHAWAT) दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है , इन दोनों नामों को एक ही व्यक्ति के माना व समझा जाए। -पता-धर्मवीर सिंह शेखावत, म.न. 21, कायड़ रोड,शुभम कॉलोनी, कायड़ अजमेर।

# लाखों भक्तों ने पुष्कर सरोवर में लगाई आस्था की डुबकी

**पुष्कर, ( निसं )।** पूर्णिमा के स्नान के साथ पुष्कर का अंतरराष्ट्रीय पशु एवं धार्मिक मेला संपन्न हो गया पुष्कर के मेला मैदान में इस बार पहले से जायदा भीड़ रही समारोह में केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, एवं कैबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत मौजूद रहे।

समापन समारोह कई प्रकार कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए पवित्र पुष्कर सरोवर में स्नान करने के लिए लाखों की तादात में श्रद्धालु यात्री स्थान पूजा अर्चना करने के लिए पुष्कर एक दिन पहले ही पहुंच चुके हैं स्नान पूजा अर्चना करने का सिलसिला बुधवार की सुबह प्रात काल 4:00 बजे से शुरू हो गया जो शाम सूर्यास्त तक चला ।

पदम पुराण में ऐसा उल्लेख है कि कोई भी मनुष्य पवित्र पुष्कर सरोवर में स्नान पूजा अर्चना करके जगत् पिता ब्रह्मा मंदिर के एवं पुष्कर के मंदिरों के दर्शन करता है तो उसको अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है और खासकर एकादशी से पूर्णिमा तक स्नान पूजा अर्चना करने का बहुत ही ज्यादा महत्व है इसके अलावा भी हजारों की तादात में श्रद्धालु पूरे कार्तिक मास तक और पुष्कर सरोवर में स्नान पूजा अर्चना करते हैं जिला प्रशासन ने अजमेर से पुष्कर आने के लिए लगभग 100 से भी ज्यादा बसे लगाई है।

■ **समापन समारोह में कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए**

इसके अलावा विशेष सफाई के इंतजाम भी किए हैं सैकड़ों की तादात में सफाई कर्मी बाहर के नगर परिषद और नगर निगम से बुलाए गया इसके अलावा घाटों पर एवं मंदिरों पर पुलिस प्रशासन की ओर से स्पेशल जाब्ता एवं सीसीटीवी कैमरे लगाए गए इसके बावजूद भी पुष्कर में चोरियां और बदमाशी रुकने का नाम नहीं ले रही है स्थानीय लोगों को अपने घरों तक आने जाने के लिए पुलिस द्वारा एक तरफा यातायात व्यवस्था कर दिए जाने कारण भारी परेशानी उठानी पड़ रही है संसार की सृष्टि रचयिता जगत पिता ब्रह्मा जी विशेष श्रृंगार कर भोग लगाया गया इस सिंगार को देखकर सभी भक्तों आनंदित हो उठे पूर्णिमा के दिन सुबह 4:00 बजे मंदिर खुला और और रात 10:00 बजे मंदिर के पट बंद होंगे यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुष्कर में सभी वन वे कर दिए गए हैं।

पुष्कर के प्रसिद्ध पंडित कैलाश नाथ दाधीच ने बताया की पुष्कर आना, स्नान करना दान पुण्य करना बहुत कठिन है। पंडित जी ने कई शास्त्रों और पुराणों का भी हवाला दिया।

## मेला मैदान में रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ मेला समापन

**पुष्कर,** (निसं)। इस समापन के मुख्य अतिथि भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, एवं कैबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत थे। समारोह की शुरूआत राजस्थान की आन बान शान रोबीले ऊंटों पर सवार होकर मैदान में पहुंचे इसके बाद एक के बाद एक कलाकार अपने समूहों के साथ नृत्य करते हुए चल रहे थे और राजस्थान की संस्कृति के झलक दिखा रहे थे कभी कालबेलिया नृत्य तो कभी शेखावाटी का गैर नृत्य तो कभी कच्छी घोड़ी नृत्य देशी विदेशी पर्यटकों को लुभा रहा था इस बीच पुलिस के घुड़ सवारों ने एक नया जोश भर दिया। इस बीच सबसे चर्चित देशी ओर विदेशियों के बीच रस्सा कशी का आयोजन किया गया जिसमें विदेशी महिलाओं ने देशी महिलाओं को धूल चटा दी। इस बीच मेले में सहयोग करने वाले अधिकारियों को पुष्कर के लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम देखने के लिए विदेशी पर्यटक भी मौजूद थे।

**आम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि हमारी साझेदारी फर्म M/s. BRAJ FILLING CENTRE, पता- NH- 79, गांव गडेरी, नसीराबाद, अजमेर (राजस्थान) को साझेदारों की आपसी सहमति से दिनांक 22 सितम्बर 2025 को समाप्त किया जा चुका है। भविष्य में इस फर्म के नाम से कोई भी व्यापारिक लेन-देन वैध नहीं होगा। फर्म के सभी देनदार एवं लेनदार कृपया 15 दिनों के भीतर अपने दावे प्रस्तुत करें।

साझेदारों के नाम- 1. श्री प्रियशील हाड़ा 2. श्री मुकेश चौहान

दिनांक- 22 सितम्बर 2025, स्थान- नसीराबाद, अजमेर

साझेदारों की ओर से-

M/s. BRAJ FILLING CENTRE, NH-79, Gaderi, Nasirabad, Ajmer

**कार्यालय नगर परिषद, मकराना डीडवाना-कुचामन (राज०)**

Email-npmakrana@gmail.com | **आपत्ति आमंत्रण सूचना** | phone-01588-240107, Fax- 241380

क्रमांक : न.प.म/भूमि/2025/3527 | दिनांक :31-10-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न आवेदकों द्वारा 'शहरी सेवा शिविर अभियान 2025' के तहत परिषद में निम्न रूप में उल्लेखित प्रयोजनार्थ के लिये आवेदन प्रस्तुत किया है। निम्न प्रकरणों में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो लिखित रूप में आपत्ति मय दस्तावेजों के विज्ञप्ति के जारी होने की तिथि से 07 दिवस में कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि समाप्ति के बाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी।

| क. सं. | आवेदक खातेदार का नाम/पिता का नाम व पता | प्रयोजन | पट्टा/खसरा संख्या | क्षेत्रफल | पड़ौस |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री मनवर,मोहम्मद जाकिर, इरफान अली, टीपू सुल्तान पिसरान अनवर अली चौहान जाति चौहान निवासी आदर्श नगर मकराना | कृषि भूमि नियमन आवासीय | खसरा सं. 534 | 821.66 वर्गगज | पूर्व- अहमद हसन की जमीन पश्चिम- खातून की जमीन उत्तर- सिलावट की जमीन दक्षिण- आम रास्ता |

-आयुक्त, नगर परिषद,मकराना